**<u>प्रेस विज्ञप्ति</u>**

# गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
# पंतनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

## विष्वविद्यालय के विद्यार्थियों का नामी कम्पनी में चयन

विष्वविद्यालय के सेवायोजन एवं परामर्ष निदेषालय में लिखित परीक्षा एवं साक्षात्कार के आधार पर मैसर्स एफ2पी स्पोर्टस प्राइवेट लिमिटेड द्वारा विष्वविद्यालय के विद्यार्थियों क्रमषः करन जलाल, बी.टेक. (इलेक्ट्रॉनिक्स एवं संचार), शुभम कांडपाल एवं स्वर्णिम नेगी बी.टेक. (कम्प्यूटर इंजीनियरिंग) तथा राहुल कुमायन, बी.टेक. (सूचना प्रौद्योगिकी) का चयन किया गया। चयनित विद्यार्थियों को रू. 6 लाख का पैकेज प्रतिवर्ष के साथ ही अन्य सुविधाएं देय होगी।

विष्वविद्यालय के कुलपति डा. मनमोहन सिंह चौहान ने सेवायोजन एवं परामर्ष निदेषालय के प्रयासो की सराहना की तथा चयनित विद्यार्थी को शुभकामनाएं दी है। सेवायोजन एवं परामर्ष निदेषक डा. एम. एस. नेगी और सह निदेषक डा. गीता पाठक ने भी सफल विद्यार्थियों को बधाई दी व चयनित विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुये बताया कि भविष्य में भी निदेषालय अधिक से अधिक विद्यार्थियों के सेवायोजन हेतु प्रयासरत रहेगा।